# जेएनएसी की पहल से फुटपाथी दुकानदारों के चेहरे पर खिली मुस्कान

## भालुबासा में 20 दूकानदारों को सुपुर्द की गयी दुकानों चाबी।

## भालुबासा टीना शेड के 20 दुकानदारों को मिली चाबी



**छह साल पहले अतिक्रमण हटाने के दौरान टूटी थीं दुकानें**

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

भालुबासा टीना शेड की दुकानों का लॉटरी के उपरांत सोमवार को लाभुकों को दुकान की चाबी सौंप दी गयी. जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने सोमवार को कार्यालय स्थित सभागार में 20 दुकानदारों को चाबी सुपुर्द किया. तीन दुकानदार अनुपस्थित होने से उन्हें बाद में चाबी सौंपी जायेगी. पूर्व में कार्यालय में दो बार लॉटरी के माध्यम से दुकान का आवंटन किया गया था.

प्रथम चरण में 23 सितंबर 21 को हुई लॉटरी में 18 दुकानदारों और दूसरे चरण में 28 फरवरी 2022 को कुल पांच दुकानदारों को लॉटरी से दुकान आवंटित हुआ था. कुल 53 अस्थायी टीना शेड से निर्मित दुकानों में से 23 दुकानों का आवंटन हो गया है. इन दुकानदारों की दुकानें भालुबासा रोड चौड़ीकरण के दौरान जिला प्रशासन ने हटा दिया था. लगभग छह साल बाद दुकानदारों को चाबी मिली.

## 20 दुकान के आवंटियों को जेएनएसी ने सौंपी चाबी, अब खुलेंगे दुकान



**जमशेदपुर**| भालूबासा पुल किनारे टीनाशेड दुकान के 20 आवंटियों को सोमवार को जेएनएसी ने चाबी सौंपी। जेएनएसी के एसओ कृष्ण कुमार ने आवंटी दुकानदारों को कार्यालय में चाबी सौंपी। 3 दुकानदार नहीं आ सके। इन्हें बाद में चाबी दी जाएगी। एसओ ने कहा- 2 बार दुकान की लॉटरी के जरिए दुकानदारों को दुकानें आवंटित की है। पहले चरण में 18 दुकानदारों का दुकान आवंटन हुआ था।

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA